at Ahmedabad proposed by the Gujarat Chamber of Commerce and Industry, Gujarat Government has been requested to identify interested entrepreneurs, a suitable sponsoring agency, and a suitable building for the project to be considered by the Government.

Regional Passport Office, Chandigarh

3588. SHRI PAWAN KUMAR BANSAL: Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) the number of applications for passports pending with the Regional Passport Office, Chandigarh as on 30th June, 1987 for over one, two, three and four months, respectively; and

(b) Out of the applications cleared by the said office during the last six months, the number of those entertained directly and those received through Agents?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI K. NATWAR SINGH): (a) The number of applications for passports pending with Regional Passport Office, Chandigarh, as on 30th June, 1987 is as under:

For less than one month	—5016
Over one month	—3676
Over two months	—4170
Over three months	—2389
Over four months	—8680
TOTAL:	—23931

(b) The Regional Passport Officer, Chandigarh issued 24256 passports from 1st January 1987 to 30th June, 1987:

(i) Despatched to applicants— 17982

(ii) Delivered to recognised Travel Agents 6274

Figures at (i) include those cases which were received through recognised Travel Agents but the Agencies were subsequently derecognised/ suspended and passports sent direct to the applicants.

राष्ट्रीय वस्त्र निगम की लाभ कमा रही मिलें

3589. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय राष्ट्रीय वस्त्र निगम की कितनी मिलें लाभ कमा रही और हैं क्या इसका कारण बेहतर प्रबन्ध व्यवस्था, अच्छी मशीनें तथा अच्छा वातावरण आदि है ;

(ख) राष्ट्रीय वस्त्र निगम की कितनी मिलें अभी भी घाटे में चल रही हैं और इसके क्या कारण हैं तथा इनकी स्थिति को सुधारने के लिए अभी तक क्या-क्या कदम उठाए गए हैं ; और

(ग) महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, गुजरात, और कर्नाटक में कितनी मिलें लाभ कमा रही हैं तथा इन राज्यों में कितनी मिलें घाटे में चल रहीं हैं तथा उनके लाभ-हानि के हिसाब-किताब का ब्यौरा क्या है ?

वस्त्र मंत्रालय में उपमंत्री (श्री एस० कृष्ण कुमार) : (क) और (ख) वर्ष 1985-86 के दौरान एन० टी० सी० के अन्तर्गत कार्य कर रहे 123 एककों में से 106 मिलों में शुद्ध हानियां हुयीं तथा 17 एककों ने शुद्ध मुनाफा कमाया । मशीनों की दशा, कार्य-संस्कृति, प्रबन्ध की क्वालिटि आदि जैसे सामान्य कारणों के अतिरिक्त प्रत्येक मिल का कार्य निष्पादन विशिष्ट कारणों पर भी निर्भर करता है । एन० टी० सी० मिल के कार्य निष्पादन में सुधार लाने के लिए उठाए गए कुछ कदमों में शामिल है :—

(1) चुनिन्दा आधुनिकीकरण ।

(2) उत्पाद-मिश्रण में सुधार ।

(3) लागत नियंत्रण तथा लागत वटौती उपाय ।

(4) श्रम सुव्यवस्थीकरण का तेजी से कार्यान्वयन ।